RNI NO. HARHIN/2016/75109
फरीदाबाद, बुधवार, 12 अक्टूबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर श्रृंखला जीती
पेज - 12

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कॉलेज में हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्राचार्य** कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। 2011 में, यूएनओ ने लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और लड़कियों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए इस दिन को मनाने का फैसला किया।

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने प्रयासों की सराहना की और इस दिन को मनाने के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करना न केवल एक बुनियादी मानव अधिकार है, बल्कि अन्य सभी विकास क्षेत्रों में भी इसका कई गुना प्रभाव पड़ता है। उन्होंने महिलाओं को शक्ति कहा और उन्हें अपनी आंतरिक क्षमताओं को पहचानने के लिए प्रोत्साहित किया। शुरुआत में डॉ. गीता गुप्ता प्रभारी महिला प्रकोष्ठ ने इस दिवस को मनाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जेंडर रूढ़िवादिता और जेंडर बाइनरी को खत्म करने पर जोर दिया। उन्होंने समाज की मानसिकता को बदलने पर जोर दिया ताकि लड़कियां सुरक्षित, शिक्षित और स्वस्थ जीवन जी सकें। इस अवसर पर प्रो. एस.के. चक्रवर्ती, सुश्री कमल टंडन, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. मनोज शुक्ला और वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित थे। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ समाज में जागरूकता फैलाने के लिए अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।



बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कालेज में अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डाक्टर कृष्णकांत गुप्ता।